छात्र अनुशासन की नियम पुस्तिका

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान वडोदरा

फ़रवरी 2019

प्रस्तावना

एक शैक्षणिक परिसर, जिसमें अलग-अलग पृष्ठभूमि वाले युवा छात्र हैं, सूक्ष्म स्तर पर एक देश जैसा ही है। छात्रों के पास अपने अधिकारों, जिम्मेदारियों, क्या करना चाहिए और क्या नहीं के बारे में अलग-अलग धारणाएं हैं। हालाँकि ऐसे थोड़े से ही छात्र होते हैं परन्तु छात्रों के द्वारा अनुशासनहीनता के कार्य किये जाते हैं । इस तरह के कृत्यों का शिकार कभी-कभी संस्थान, कोई अन्य छात्र या छात्रों का समूह होता है।

परिसर में अनुशासन बनाए रखना संस्थान की जिम्मेदारी है। यह नियमावली अनुशासन के नियंत्रण की प्रक्रिया को अधिक अनुमानित और संचालित करने में सरल बनाने के लिए एक व्यवस्थित विधि प्रस्तुत करती है। प्रावधानों को सभी संबंधितों के लिए निष्पक्ष बनाने का प्रयास किया गया है। यह महत्वपूर्ण है कि न्याय न केवल निष्पक्ष हो बल्कि ऐसा नज़र भी आये। प्रस्तावित प्रणाली को सामूहिक निर्णय के द्वारा, जिसमें निर्णय संकाय सदस्यों और छात्रों द्वारा मिलकर लिए जाते हैं के माध्यम से प्रशासित किया जाता है। कहने की आवश्यकता नहीं है कि सही और गलत का निर्णय लेने की अंतिम जिम्मेदारी सीनेट और निर्देशक के पास है।

किसी भी अनुशासन नियमावली का सबसे वांछनीय उपयोग यह है कि उसके उपयोग कि कभी आवश्यकता ही नहीं पड़े । यह आशा की जाती है कि आईआईआईटी वडोदरा का कोई भी छात्र कभी अनुशासनहीनता के कृत्य का शिकार नहीं होगा और किसी भी छात्र को अनुशासनात्मक कार्यवाही का सामना नहीं करना पड़ेगा।

भाग- I

अनुशासन प्रबंधन की विचारधारा

उच्च शिक्षण की संस्था न केवल अनुसंधान और शिक्षा के लिए एक शैक्षिक वातावरण प्रदान करती है, यह ज्ञान आधारित व्यवसायों में अपना करियर बनाने के लिए प्रयासरत युवा छात्रों का घर भी है। संस्थानों को एक सामाजिक वातावरण प्रदान करना चाहिए जो स्वतंत्र और शांतिपूर्ण हो। कभी-कभी कोई व्यक्तिगत छात्र गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर सकता है और यह संस्थान प्रशासन का कर्तव्य है कि वह न केवल सुधारात्मक कदम उठाए, बल्कि इस तरह के कृत्यों को पहले से भाँप कर एहतियाती उपाय भी करे ।

आईआईआईटी वडोदरा में, छात्रों के द्वारा अस्वीकार्य व्यवहार पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी सीनेट की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति (डीएसी) में निहित है, जो न केवल रिपोर्ट की गई शिकायतों की जांच के लिए, बल्कि कैंपस में छात्रों के व्यवहार को प्रभावित करने वाले नीतिगत मुद्दों पर प्रशासन को सलाह देने के लिए भी जिम्मेदार है। इसे बड़े अनुशासनात्मक मुद्दों पर आत्म-संज्ञान लेने और सुधारात्मक उपायों की सिफ़ारिश करने, जिससे अनुशासनहीनता की घटना होने से पहले सामाजिक कठिनाइयों को सुलझाया जा सके, का भी अधिकार प्राप्त है।

डीएसी सामान्य रूप से छात्रों, उनके माता-पिता, संस्थान के शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ-साथ सरकार के विश्वास के संरक्षक होने की अपनी अत्यधिक जिम्मेदारी से अवगत है। हालाँकि कुछ लोग डीएसी को एक विशुद्ध रूप से दंडात्मक निकाय के रूप में देखते हैं, वास्तव में ऐसा नहीं है। समिति का उद्देश्य चरित्र को प्रभावित करके , अनुनय, करुणा और समझ के माध्यम से परिसर में अनुशासन सुनिश्चित करना है, ताकि कोई छात्र अपराध करने का इच्छुक न हो। लेकिन मानव क्षमता की सीमाओं और परामर्श के सीमित संसाधनों को देखते हुए, समिति को अक्सर छात्रों को दंड देने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

निश्चित रूप से, डीएसी के लिए सज़ा कोई प्रतिशोध का कार्य नहीं है। कुछ हद तक, यह उसके चरित्र को संशोधित करके एक अपराधी की मदद करने की उम्मीद है; लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात, यह अन्य छात्रों के लिए अपराध करने के खिलाफ एक संदेश है, अनुशासनहीन व्यवहार की पुनरावृत्ति ना हो और एक बड़े छात्र समुदाय के हितों की रक्षा करने का साधन है। समिति का काम तथ्यों को स्थापित करना, अपराध की गंभीरता को मांपना और अपराध के अनुसार उसे कम करने के उपायों की सिफ़ारिश करना है।

संस्थान परिसरों में एक अद्वितीय सामाजिक संरचना होती है। छात्र समुदाय को न केवल वरिष्ठ बनाम फ्रेशर्स के रूप में, बल्कि वरिष्ठ बनाम जूनियर्स, अंतिम वर्ष बनाम अन्य, यूजी बनाम पीजी, गृह राज्य बनाम बाहरी राज्यों के, विभाग के अनुसार , छात्रावास के अनुसार , छात्रावासिय बनाम बाहर रहने वाले छात्रों के रूप में ध्रुवीकृत किया जा सकता है। हमारे देश में गिरोह, लफंगे, बुली और उपद्रवियों के कई उदाहरण हैं। डीएसी को न केवल रिपोर्ट किए गए मामलों

को संभालना चाहिए, बल्कि सक्रिय कार्रवाई के माध्यम से इस तरह के ध्रुवीकरण को जड़ से ख़त्म करना चाहिए। विफलता का परिणाम व्यक्तियों, संस्थान और उससे भी परे समूह के लिए विनाशकारी हो सकता हैं।

निम्नलिखित कुछ ऐसे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं जिन पर डीएसी आमतौर पर विचार करेगा:

i. संस्थान की न्याय प्रणाली मुख्य रूप से विश्वास पर आधारित है। संस्थान की इच्छा है कि छात्र स्वतंत्र और सुरक्षित वातावरण में बड़े हों, न कि अत्यधिक निगरानी के अधीन। अपेक्षा है कि इससे उन्हें समाज के नेतृत्व का विश्वास मिलेगा । समुदाय की दुर्लभ बुरी हस्तियां , या अनुशासनहीनता का कोई दुर्लभ कार्य जो दूसरों के स्वतंत्र अधिकारों पर अतिक्रमण करता है, को भारी रूप से दंडित किया जाना चाहिए ताकि वह उसी या अन्य व्यक्ति द्वारा अपराध की पुनरावृत्ति के खिलाफ एक अच्छे निवारक के रूप में कार्य करे।

ii. कुछ अपराध घटना के संकीर्ण दायरे को पार कर जाते हैं। उनके व्यापक सामाजिक परिणाम होते हैं और जो पता चलता है वह घटना कि केवल एक बहुत छोटी छवि होती है। समाचार पत्रों में प्रथम वर्ष के इंजीनियरिंग छात्रों की मौत और आत्महत्या के मामलों को उदाहरण के रूप में लिया जा सकता है। इन्हें सिर्फ हत्या या क़त्ल के रूप में नहीं माना गया है, बल्कि "रैगिंग" नामक एक बड़ी घटना के रूप में देखा और उसके अनुसार निपटा गया है। डीएसी को सामाजिक मुद्दों को भी उसी तरह देखना चाहिए। एक वरिष्ठ द्वारा एक फ्रेशर पर हमला, प्री फाइनल या अन्य जूनियर छात्रों के मन में अंतिम वर्ष के छात्रों का डर, राज्य आधारित ध्रुवीकरण और इसी तरह के अपराधों को पारस्परिक झगड़े के सरल मामलों के रूप में नहीं माना जाना चाहिए, बल्कि एक गहरी समस्या के रूप में जड़ से दूर किया जाना चाहिए।

iii. यह देखा जा सकता है कि आईआईआईटी वडोदरा के डीएसी के पास खोजी संसाधनों , योग्य अधिवक्ताओं तक पहुंच नहीं है, और ना ही यह निश्चित सीमा से अधिक देरी तक प्रतीक्षा सकता है। दूसरी ओर, किशोर मन की अस्थिर प्रकृति को देखते हुए, एक गलत निर्णय का परिणाम विनाशकारी हो सकता है, चाहे निर्णय अभियुक्त के पक्ष में हो या खिलाफ। व्यापक छात्र समुदाय, जो सच्चाई के बारे में बेहतर जानकारी रखता है, वह डीएसी से अपेक्षा करता है कि वह स्वयं तथ्यों को खोजे और अपराध के अनुसार दंडित करे। यहां तक कि "अनिर्णय" का निष्कर्ष भी शिकायतकर्ता के के साथ-साथ अभियुक्तों के चरित्र रिकॉर्ड पर एक प्रश्न चिह्न छोड़ देता है। "संदेह का लाभ" अंतिम उपाय होना चाहिए। समिति को छात्रों, शिक्षकों और अधिकारियों के बयान, परीक्षा के दौरान गवाहों के व्यवहार और सामान्य समझ पर भरोसा करना चाहिए और एक निश्चित निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिए। यह आसान नहीं है, लेकिन किया जाना चाहिए।

iv. डीएसी से उपलब्ध सूचना के आधार पर निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। अक्सर "संदेह से परे" "वास्तविक सत्य" स्थापित करना संभव नहीं है। जबकि गलत व्यक्ति को दंडित करना अनुचित है, दोषियों को बख्शना और उनके जैसे एक दर्जन से अधिक बेक़सूर लोगों को पीड़ित बनाना गलत है। डीएसी को अपनी बुद्धि और सही निर्णय की संभावना के आधार पर इन दो बुराइयों में से एक को चुनना होगा।

v. निवारक उपायों तक पहुंचने के दौरान, संभव है कि डीएसी इन आधार पर ढील देने के लिए सुझाव प्राप्त करे:

(a) शिकायतकर्ता या आरोपी फ्रेशर और नियमों से अनजान है, (b) शिकायतकर्ता या आरोपी अध्ययन पूरा करने के कगार पर है। (c) आरोपी एक अच्छी नौकरी की पेशकश खो सकता है, (d) आरोपी के पास नौकरी की पेशकश नहीं है, (e) आरोपी एक अमीर और सम्मानित परिवार से है (f) आरोपी एक गरीब परिवार से है , इत्यादि। इस तरह के विवादास्पद विचारों को दंड से संबंधित करना ना तो उचित है और ना ही संभव । डीएसी को ऐसे विशिष्ट विचारों की अनदेखी करते हुए छात्र समुदाय के बड़े हितों को देखना चाहिए।

vi. कभी-कभी समिति किसी छात्र द्वारा किए गए कुटिल व्यवहार के मूल कारण को गहराई से देखने पर पा सकती है कि यह बचपन की घटना, उसके करियर की शुरुआत में आईआईआईटीवी के भीतर की घटना, संस्थान में चल रहे अभ्यास या संस्थान द्वारा अपने स्वयं के नियमों को लागू करने में निरंतर शिथिलता के कारण हुआ।इस तरह के अंतर्निहित कारणों पर विचार किया जाना चाहिए और कार्यकारी एजेंसियों को उपयुक्त सिफारिशें की जानी चाहिए, खासकर जब अंतर्निहित कारण संस्थान के भीतर हो। जब एक अलग व्यवहार बचपन के अभाव या इसी तरह के कारणों से है, तो डीएसी का इस पर विचार करना अपेक्षित है। जब अंतर्निहित कारण एक अलग सामाजिक प्रथा है, तो समिति या तो कम या ज़्यादा (शिक्षात्मक) जुर्माना लगा सकती है। निर्णय के दीर्घकालिक प्रभाव को देखना चाहिए, मकसद यह है की भविष्य में पुनरावृत्ति को कम किया जाए । हालाँकि, इन विचारों को बहुत दूर तक नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। व्यक्तिगत अपराधों, जो व्यक्तिगत आचरण के स्थापित मानदंडों से स्पष्ट रूप से अलग हैं, को एक बड़ी सामाजिक दुर्भावना का हिस्सा नहीं माना जाना चाहिए। वर्तमान के किसी प्रचलन को मौलिक रूप से अस्वीकार्य अपराध के औचित्य के रूप में उद्धृत नहीं किया जाना चाहिए।

vii. जांच के प्रारंभिक चरण में सभी तथ्यों के साथ अपराध को स्वीकार करने को, अपराध के अनुसार, कम सज़ा के साथ पुरस्कृत किया जाना चाहिए । यह शिकायतकर्ताओं, अभियुक्तों और गवाहों को शुरू में ही सच्चाई बताने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह विशेष रूप से डीएसी के छात्र सदस्यों का कर्तव्य है कि वे इस संदेश को सभी संबंधितों तक पहुंचाएं। यहां तक की कुछ देरी से दिए गए सत्य बयानों को भी थोड़ी रियायत के साथ स्वीकार किया जाना चाहिए; अन्यथा गवाहों और अभियुक्तों के पास तथ्यों को स्वीकार करने के लिए कोई प्रेरणा नहीं होगी, जिससे जांच लम्बी हो जाएगी।

viii. गवाह जांच प्रक्रिया की ताकत हैं। किसी दोस्त को बचाने के लिए या दुश्मन को दंडित करने के लिए झूठे सबूत देने के ख़िलाफ़ गंभीर दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए।

ix. जहाँ छात्र या तो शिकायत करने से डरते हैं, या ये मानते हैं कि उनकी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं की जाएगी वहां अनुशासनहीनता बढ़ती है । डीएसी को शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। शिकायतकर्ताओं को भविष्य में उत्पीड़न के ख़िलाफ़ और गैरज़रूरी काउंटर-शिकायतों के ख़िलाफ़ संरक्षित करने की आवश्यकता होती है, जैसे एक ऐसे नियम का उल्लंघन जो कि मामले में सीधे प्रासंगिक नहीं है , अपराध को भड़काना आदि । वास्तव में जो छात्र खुद दोषी हैं लेकिन गंभीर अनुशासनहीनता के बड़े मामलों को हल करने के लिए डीएसी को महत्वपूर्ण सुराग प्रदान करते हैं , उन्हें "दंड में रियायत" प्रदान करना अन्याय नहीं होगा।

x. झूठी शिकायत करना या पूछताछ के दौरान प्रासंगिक तथ्यों को छिपाना एक गंभीर अपराध है और इस तरह के कृत्य के किसी भी संकेत की जांच की जानी चाहिए, क्योंकि दुर्भावना से कि गई

शिकायत का जुर्माना अधिक है । हालांकि, एक शिकायतकर्ता पर तब तक विश्वास किया जाना चाहिए, जब तक दुर्भावना से की गई शिकायत का पर्याप्त सबूत नहीं हो । डीएसी को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि कोई भी वास्तविक शिकायत करने से डरे नहीं और कोई भी झूठी शिकायत करके बच नहीं सके ।

xi. कभी-कभी पीड़ित या अपराध का गवाह भी शिकायत करने से डरता है। डर दो स्रोतों से आता है - (a) अपराधी का प्रतिशोध और (b) साथी छात्र के दंड के लिए जिम्मेदार होने के कारण होने वाला सामाजिक बहिष्कार । छात्रों में यह विश्वास पैदा करने की जिम्मेदारी कि शिकायत पर डीएसी द्वारा निष्पक्ष और तुरंत कार्रवाई की जाएगी, डीएसी, सीनेट और प्रशासन की है। छात्रों को इस तथ्य के प्रति भी सचेत किया जाना चाहिए कि वास्तव में एक दोस्त के खिलाफ प्रारंभिक कार्रवाई उन्हें भविष्य में बहुत अधिक गंभीर दंडों से बचाती है। डीएसी और प्रशासन की अन्य एजेंसियों को छात्रों द्वारा किए गए अपराधों के बारे में स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और पीड़ित द्वारा शिकायत का इंतजार किए बिना कार्रवाई करनी चाहिए। वास्तव में, पीड़ित द्वारा की गई शिकायत को डीएसी के समक्ष सूचना के माध्यमों में से एक के रूप में देखा जाना चाहिए। हालाँकि समिति को छात्रों के बीच आपसी उग्र भावनाओं से बचाने का हर संभव प्रयास करना चाहिए, शिकायतकर्ता द्वारा गंभीर अपराध का मामला वापस नहीं लिया जा सकता है। यह सिद्धांत पीड़ितों को न केवल अभियुक्त और उसके दोस्तों से बल्कि उसके अपने साथियों से अनुचित दबाव के ख़िलाफ़ रक्षा करेगा।

xii. परिस्थितियों को शांत करने और उग्र करने वाले कारण , यदि कोई हो, पर ध्यान दिया जा सकता है। यदि समस्या को कम करने के कारण जैसे आरोपियों से उत्कृष्ट सहयोग, कठिन परिस्थितियों में बेहतर पिछला रिकॉर्ड हों तो डीएसी को कम दंड देना चाहिए, जबकि समस्या उग्र करने वाली परिस्थितियों के मामले में (जैसे खराब सहयोग, अनुशासनहीनता का पिछला रिकॉर्ड, दंडित, माफ़ी या विधिवत जांच नहीं होना), दंड कठोर होना चाहिए। यदि समस्या शमन करने वाली परिस्थितियाँ असाधारण रूप से मजबूत हैं, तो डीएसी निर्धारित सीमा से नीचे जा सकती है, जबकि अगर उग्र परिस्थितियां असाधारण रूप से मजबूत है, तो डीएसी सूचीबद्ध दंड से अधिक जुर्माना लगा सकती है।

xiii. प्रत्येक अनुशासनात्मक मुद्दा अद्वितीय होता है, जिसको अद्वितीय जांच प्रक्रिया और एक अद्वितीय उपाय की आवश्यकता होती है। लेकिन डीएसी और उच्च प्रशासन के पास एक औपचारिक जाँच सुविधाओं के लाभ के बिना और दंड को लागू करने कि शक्ति, जो माता-पिता या राज्य के कार्यकारी अधिकारीओं के पास होती है , के बिना उचित उपाय करने की ज़िम्मेदारी है। वित्तीय दंड जानबूझकर हतोत्साहित किया गया है क्योंकि इससे अमीर माता-पिता के बच्चों को गलती करने के बाद अपना बचाव खरीदने की अनुमति मिलेगी।संस्थान के पास उपलब्ध विकल्पों में केवल छात्र का करियर, उसके ग्रेड, स्नातक होने का समय आदि हैं। इस पुस्तिका में प्रस्तुत दंड सूची आंशिक रूप से चेतावनी, सामाजिक कार्य आदि पर काम करती है और आंशिक रूप से ग्रेड और स्नातक होने की तारीख पर काम करती है। केवल अत्यंत गंभीर अपराधों के मामले में, अस्थायी या स्थायी निष्कासन, का सहारा लिया गया है। नियम कुछ अपराधों को दूसरों की तुलना में अधिक गंभीर मानते हैं। उनमें से एक कंप्यूटर या संचार उपकरण का उपयोग करके किए गए अपराध शामिल हैं (क्योंकि कम प्रयास में इनका उपयोग करने से बहुत नुकसान हो सकता है), महिला छात्रों के खिलाफ अपराध (क्योंकि इसमें प्रतिशोध की संभावना कम हैं) और परीक्षा और ग्रेडिंग प्रणाली के साथ

छेड़छाड़ (क्योंकि संपूर्ण छात्र समुदाय का भविष्य और संस्थान की प्रतिष्ठा संस्थान की ग्रेडिंग प्रणाली की पवित्रता पर टिकी हुई है)। हालांकि, सभी मामलों में, उन्हें जानबूझकर बाहर की समान स्थितियों की तुलना में कम रखा गया है।

xiv. संस्थान की अनुशासनात्मक प्रणाली का लक्ष्य आक्रामक व्यवहार की पुनरावृत्ति को कम करना है, सज़ा इस लक्ष्य को हासिल करने का एक साधन है। सामाजिक अपराधों के मामले में, छात्रों के बीच एक सकारात्मक भावना पैदा करना गलत मामलों का पता लगाकर अलग-थलग सज़ा देने की तुलना में गलत व्यवहार को रोकने में कहीं अधिक प्रभावी है। हालाँकि सख्त दंड निश्चित रूप से एक निवारक के रूप में काम करते हैं, अधिक से अधिक स्वैच्छिक प्रतिक्रिया बनाने के लिए एक नवीन दंड संरचना और भी उपयोगी हो सकती है। वास्तव में, लालच और सज़ा दोनों का संयोजन संभवतः सबसे प्रभावी है। इसे निदेशक को दिए गए "कार्यकारी क्षमादान" के विशेष अधिकार के उपयोग के माध्यम से हासिल किया जा सकता है, जो डीएसी द्वारा सुझाए गए दंड को कम करने में व्यक्तिगत निर्णय का उपयोग कर सकता है। डीएसी को अपनी ही सिफ़ारिशों में प्रभावी विकल्प सुझाने में सक्रिय होना चाहिए। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि डीएसी के निर्णय मिसाल के रूप में काम करते हैं और भविष्य में दिए जाने वाले दंड उसी अनुसार होने चाहियें । लेकिन निर्देशक का शमादान ख़ास स्थिति के आधार पर, मौजूदा परिस्थितियों के अनुसार होगा , और भविष्य के लिए मिसाल के रूप में काम नहीं करेगा।

भाग –II

आचार और अनुशासन के नियम

सभी छात्रों के आचरण और अनुशासन को नियंत्रित करने के लिए निम्नलिखित नियम लागू होंगे:

1. छात्रों को संस्थान के शिक्षकों, छात्रावास के वार्डन, को उचित सम्मान देना चाहिए ,संस्थान के कर्मचारियों और छात्रावास के कर्मचारियों के प्रति भी उचित शिष्टाचार का ध्यान रखना चाहिए। वे आगंतुकों के प्रति भी शिष्टाचार का ध्यान रखेंगे।

2. छात्रों के लिए साथी छात्रों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करना आवश्यक है। विशेष रूप से, उनसे हर साल संस्थान में भर्ती होने वाले नए छात्रों का ध्यान रखने की अपेक्षा है। किसी भी तरह से किसी के भी प्रति रैगिंग कानूनन निषिद्ध है। व्यक्तिगत रूप से या समूह में जूनियर छात्रों पर शारीरिक या मानसिक दबाव के किसी भी कार्य को रैगिंग का कृत्य माना जाएगा। रैगिंग में जूनियर छात्रों को संस्थान परिसर के बाहर या ऐसे स्थानों या समय पर वरिष्ठ छात्रों से मिलने के लिए मजबूर करना भी शामिल है, जहां छात्र के पास उपस्थित होने का कोई वैध कारण नहीं है, अप्रासंगिक प्रश्न पूछना या अपमानजनक भाषा का उपयोग करना। रैगिंग करने को घोर अनुशासनहीनता माना जाएगा और इससे गंभीर रूप से निपटा जाएगा, जिसमें संस्थान से निष्कासन शामिल हो सकता है।

परिसर के अंदर या बाहर रैगिंग की किसी भी घटना का किसी भी छात्र, वरिष्ठ या फ्रेशर द्वारा वार्डन या नामित संकाय सदस्य को सूचित किया जाना चाहिए। रैगिंग की घटना की रिपोर्ट करने में विफ़लता को एक गंभीर अपराध माना जाएगा, भले ही वह व्यक्तिगत रूप से इसमें शामिल न हो।

यदि कोई जूनियर छात्र सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग किये जाने पर संस्थान या सम्बंधित अधिकारियों को सूचित नहीं करता है, या रैगिंग की घटना की जांच में जानकारी को जानबूझकर छुपता है, तो मामले को जूनियर छात्र की ओर से अनुशासनहीनता माना जाएगा और उसे भी रैगिंग करने वालों के समान दंड दिया जायेगा ।जूनियर छात्र द्वारा शिकायत को रोकना, वरिष्ठ को सज़ा से स्वतः मुक्त नहीं कर देता है।

3. निम्नलिखित गलती /चूक के कार्य और समान अपराध आचार संहिता का उल्लंघन माने जाएंगे और अनुशासनात्मक कार्यवाही को आमंत्रित कर सकते हैं :

i. प्रवेश के लिए या छात्रवृत्ति या पुरस्कार आदि के लिए आवेदन के रूप में किसी भी प्रकार का गलत कथन प्रस्तुत करना।

ii. अनुशासनात्मक समिति को गलत कथन प्रस्तुत करना, या जांच के लिए प्रासंगिक जानकारी रोकना।

iii. किसी भी गतिविधि का आयोजन या भाग लेना जिसमें साथी छात्रों को धर्म, जाति, गृह राज्य, प्रवेश के बैच, निवास स्थान या किसी अन्य अस्वीकार्य मानदंड पर विभाजित करने की क्षमता है।

iv. शारीरिक संपर्क या मौखिक दुर्व्यवहार के माध्यम से फ्रेशर्स का शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न।

v. संस्थान के बाहर के लोगों से विवाद या झगड़े में शामिल होना, अकेले या समूह में, गलती चाहे किसी की भी हो ।

vi. संस्थान, छात्रावास या साथी छात्रों की किसी भी संपत्ति , सामान को जानबूझकर नुकसान पहुंचाना या चोरी करना।

vii. परीक्षाओं में अनुचित साधनों को अपनाना।

viii. मादक पेय या किसी भी प्रकार की मतिभ्रम दवाओं को रखना , इस्तेमाल करना या बेचना ।

ix. पीआईसी छात्र कल्याण की पूर्व अनुमति के बिना परिसर में या उसके बाहर दूसरों के साथ विशुद्ध रूप से शैक्षणिक, वैज्ञानिक या तकनीकी कार्यक्रमों को छोड़कर किसी भी समूह गतिविधि का आयोजन या भाग लेना।

x. पुस्तकालय की किताबों को खराब करना या अनधिकृत कब्ज़ा करना ।

xi. संभावित अनुशासनात्मक मुद्दे की जांच करने वाले संकाय, अधिकारियों या सुरक्षा कर्मियों के साथ सहयोग नहीं करना ।

xii. शोरगुल और अनुचित व्यवहार की वजह से साथी छात्रों की पढ़ाई में बाधा ड़ालना।

xiii. नशे की हालत में या अन्यथा एक शैक्षणिक या छात्र समारोह में गड़बड़ी।

xiv. सुरक्षा प्रथाओं का पालन नहीं करना या किसी भी तरह से अपने लिए या अन्य व्यक्तियों के लिए संभावित खतरा पैदा करना।

xv. शिष्टाचार और व्यवहार की कमी को प्रदर्शित करना, परिसर के भीतर या बाहर कहीं भी अशोभनीय व्यवहार करना ।

xvi. परिसर छोड़ने से पहले हॉस्टल के वार्डन को अपनी अनुपस्थिति की सूचना नहीं देना।

xvii. राज्य या राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करने वाली गतिविधि में शामिल होना।

4. अपराध की गंभीरता के अनुसार, दंड हो सकते हैं:

i. डांटना,

ii. संस्थान में अतिरिक्त कार्य,

iii. छात्र गतिविधियों , चुनावों और खेल टीमों की कप्तानी पर रोक ,

iv. पदकों और पुरस्कारों पर रोक ,

v. आंशिक (एक महीने या एक सेमेस्टर) या कैंपस प्लेसमेंट पर पूर्ण रोक

vi. एक या अधिक पाठ्यक्रमों में ग्रेड में कटौती,

vii. एक या एक से अधिक पाठ्यक्रमों में अनिवार्य विफलता, धीमी गति से अध्ययन करने के लिए मजबूर किए बिना।

viii. छात्रावास से निष्कासन,

ix. एक निर्दिष्ट अवधि के लिए निष्कासन , या

x. संस्थान से सीधा निष्कासन

सूची (v) से (x) के तहत दंड "प्रमुख दंड" माने जाएंगे और सभी शैक्षणिक पदक और पुरस्कारों के साथ-साथ महत्वपूर्ण गैर-शैक्षणिक पुरस्कारों से एक छात्र को वंचित करेंगे ।

इसके अलावा, आर्थिक अपराधों के लिए (धन की हेराफेरी या संस्थान की संपत्ति को नुकसान), संस्थान को नुक्सान दंड के साथ वसूल किया जाएगा जो कि नुक्सान राशि का दस गुना तक हो सकता है।

5. a)छात्रावास में , (b) विभाग या कक्षा में (c) या कहीं और , किए गए मामूली अपराध के लिए फटकार लगाना, जुर्माना लगाना या कोई अन्य उपयुक्त उपाय करना क्रमशः, वार्डन, विभागाध्यक्ष और पीआईसी छात्र कल्याण का अधिकार होगा। फटकार या जुर्माने के अलावा सज़ा से जुड़े सभी मामलों को औपचारिक रूप से डीएसी के अध्यक्ष को सूचित किया जाएगा।

6. (a) अनुशासनहीनता के सभी प्रमुख कृत्य , जिनका सामान्य रूप से छात्रों पर गंभीर प्रभाव हो सकता है और / या जिनके लिए एक समान और अधिक औपचारिक प्रकृति की जांच की

आवश्यकता है को , सीनेट द्वारा नियुक्त डीएसी द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। स्थायी अनुशासन समिति में निम्नलिखित पदाधिकारी सदस्य और अन्य सदस्य होते हैं:

i. पीआईसी छात्र कल्याण - अध्यक्ष

ii. छात्रावासों के वार्डन - सदस्य

iii) सीनेट द्वारा नामित संकाय के दो सदस्य दो साल की अवधि के लिए - सदस्य

iv) निदेशक द्वारा नामित तीन वरिष्ठ छात्र (एक यूजी, एक पीजी, एक महिला यूजी या पीजी) एक वर्ष की अवधि के लिए - सदस्य

v) रजिस्ट्रार - सदस्य सचिव

संकाय के अन्य सदस्यों को ज़रुरत के अनुसार अध्यक्ष के विवेक पर डीएसी की कार्यवाही के लिए आमंत्रित किया जा सकता है।

(b) स्थायी अनुशासन समिति शिकायतों की जांच करेगी, उपलब्ध साक्ष्यों की पड़ताल करेगी और सज़ा की सिफ़ारिश करेगी।

(c) समिति की सिफ़ारिश, जिसमें अपराध सिद्ध होने कि स्तिथि में सुझाई गई सज़ा शामिल है, को आवश्यक कार्रवाई के लिए निदेशक को भेज दिया जाएगा।

(d) अपराध के प्रमाण का कानून की अदालत में जितना आवश्यक है उतना होना आवश्यक नहीं है । समिति, छात्रों के व्यापक हित और शैक्षणिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए, अनुशासनात्मक कार्यवाही कर सकती है यदि वह उचित रूप से संतुष्ट है कि ऐसे उपाय छात्रों के हित में हैं।

(e) निदेशक, अपने विवेक के अनुसार दीर्घकालिक मुद्दों और संस्थान प्रबंधन के अन्य पहलुओं पर प्रभाव को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त उपाय कर सकते हैं। निदेशक सीनेट अध्यक्ष की क्षमता में, दंडित किए गए दंड की प्रकृति में मामूली बदलाव कर सकता है या उचित कमी (ऊपर नंबर 4 के अनुसार) और / या सज़ा की मात्रा घटा सकता है। लेकिन वह डीएसी द्वारा अनुशंसित सज़ा की मात्रा में वृद्धि नहीं करेगा।

निदेशक के अनुमोदन पर, रजिस्ट्रार छात्र के माता-पिता / अभिभावकों को प्रतियों के साथ उचित आदेश देगा।

(f) यदि निदेशक को लगता है कि सज़ा की प्रकृति और / या मात्रा अपराध के अनुसार नहीं है और दीर्घकालिक समस्याएं पैदा कर सकती हैं, तो वह इस मामले को पूर्ण सीनेट को संदर्भित कर सकता है। मामले में सीनेट का निर्णय अंतिम होगा।

(g) दुर्लभ मामलों में, जब निर्देशक को संस्थान के हित में उचित लगता है, तो वह कार्यवाही के किसी भी स्तर पर, आह्वान कर सकता है।

7. जिन कृत्यों को अनुशासनहीनता के बजाय "अपराधों" 'के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है उन्हें राज्य के अधिकारियों को सूचित किया जाएगा; जिसमें साथी छात्रों या अन्य लोगों को गंभीर चोट पहुँचाने, संस्थान की संपत्ति को बड़ी क्षति पहुँचाने, राष्ट्रीय सुरक्षा या सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए हानिकारक गतिविधियां शामिल हैं।
8. परीक्षा में अनुचित साधनों को अपनाने के मामलों को परीक्षा समिति द्वारा निपटाया जाएगा जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे:

   ।) शैक्षणिक मामले के डीन - अध्यक्ष (डीन की अनुपस्थिति में परीक्षा वर्ग संयोजक)

   ii) संबंधित परीक्षक (ओं) और घटना की रिपोर्ट करने वाले संकाय - सदस्य

   iii) निदेशक द्वारा नामित संकाय के दो सदस्य दो वर्षों की अवधि के लिए - सदस्य

   iv) रजिस्ट्रार- मेम्बर सेक्रेटरी

यदि अनुचित साधनों को इस्तेमाल सिद्ध हो जाता है, तो अपराध की मात्रा और पूर्व रिकॉर्ड के आधार पर सज़ा , ग्रेड में कमी, कोर्स का पुनः-पंजीकरण, एक या अधिक सेमेस्टर के लिए निष्कासन या संस्थान से सीधा निष्कासन हो सकती है।

समिति प्रत्येक मामले में निदेशक को सज़ा देने के लिए उचित उपाय सुझाएगी।

परीक्षा हॉल में मामूली अपराधों के मामले में, अन्वेषक दंडस्वरूप उत्तर पुस्तिका पर अंकों की कटौती दर्ज कर सकता है जिसे पाठ्यक्रम शिक्षक द्वारा पुस्तिका के मूल्यांकन के समय लागू किया जाएगा।

9. हॉस्टल में अनुशासनहीनता के किसी भी कार्य की जांच हॉस्टल एक्ज़ीक्यूटिव कमेटी (एचईसी) द्वारा की जाएगी, जो निदेशक को कार्रवाई की सिफ़ारिश करेगी। वह कार्रवाई का तरीका तय करेगी और इसे लागू करेगी । हालाँकि, यदि मामला गंभीर है, तो एचईसी इसे डीएसी को भेजेगी ।

10. कक्षा या प्रयोगशाला में अनुशासनहीनता के मामले पाठ्यक्रम प्रशिक्षक द्वारा कक्षा से निष्कासन , कुछ कक्षाओं में अनुपस्थित चिह्नित करके या शिक्षक के द्वारा दिए जाने वाले मूल्यांकन अंकों पर दंडित कर के निपटाए जा सकते हैं।

11. परीक्षा हॉल में अनुशासनहीनता, निरीक्षक की बात न मानने और अन्य छोटे अपराधों के लिए परीक्षा हॉल अन्वेषक उत्तर स्क्रिप्ट पर अंकों (10 अंक तक) की कटौती की सिफ़ारिश कर सकता है। परीक्षा हॉल में अनुचित साधनों

को अपनाने या परीक्षा में गंभीर गड़बड़ी पैदा करने के मामले में, निरीक्षक छात्र को परीक्षा समिति को रिपोर्ट करेगा।

12. किसी भी अनुशासनहीनता के मामले और निदेशक द्वारा उठाए गए कदमों को सीनेट कि अपनी अगली बैठक में सूचित किया जाएगा। यदि सम्भावना है , तो सीनेट विचार करके दी गई सज़ा या मात्रा में परिवर्तन कर सकती है।

13. दंड , जिसे जारी और अधिसूचित किया जा चुका है, उसे निदेशक, अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति या किसी भी प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा बदला नहीं जा सकता है। हालाँकि, जब नए तथ्य सामने आते हैं, तो सीनेट सज़ा में संशोधन और कोई अन्य सुधारात्मक उपाय जो उचित हों, कर सकता है ।

14. आमतौर पर मामूली अनुशासनात्मक अपराध और दंड छात्र के आचरण प्रमाणपत्र में दिखाए नहीं जाएंगे । लेकिन गंभीर मामलों में, अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति, निदेशक या सीनेट छात्र के आचरण प्रमाणपत्र में एक उपयुक्त प्रविष्टि बनाने का निर्णय ले सकते हैं।

भाग- III

छात्रावास के निवासियों के आचार के नियम

छात्रों की निवास आवश्यकताओं को नियंत्रित करने वाले विस्तृत नियम निम्नलिखित हैं:

1. आईआईआईटी वडोदरा पूरी तरह से आवासीय संस्थान है और सभी छात्रों को छात्रावास में रहना आवश्यक है।

2. विशेष परिस्थितियों में, निदेशक संस्थान परिसर में या संस्थान से उचित दूरी पर छात्र को माता-पिता / अभिभावक के साथ रहने की अनुमति दे सकता है। हालांकि, ऐसा छात्र एक छात्रावास से जुड़ा होगा और उसे संस्थान द्वारा तय किए गए निर्दिष्ट किराए के और अन्य देय राशि का भुगतान करना होगा। हालाँकि, इस अनुमति को बिना कोई कारण बताए किसी भी समय संस्थान के विवेक पर वापस लिया जा सकता है।

3. छात्रावास की मेस / कैंटीन एक एकीकृत इकाई के रूप में कार्य करेगी और किसी भी परिस्थिति में किसी भी प्रकार के समूहों या उपसमूहों में उप-विभाजित नहीं होगी।

4. छात्रावास में कमरों का आवंटन विभिन्न पाठ्यक्रमों, बैचों, आवासीय जिलों और समुदायों के छात्रों के एकीकरण की दिशा में किया जाना चाहिए। यदि यह उद्देश्य पर्याप्त रूप से पूरा नहीं होता है, तो वार्डेन वर्ष के बीच में आवंटन में फेरबदल कर सकते हैं।

5. कोई भी छात्र वार्डन की पूर्वानुमति के बिना छात्रावास के नियत आवास में प्रवेश या प्रस्थान नहीं कर सकता ।

6. एक छात्र उसे आवंटित कमरे में निवास करेगा और हॉस्टल के वार्डन के निर्देश / अनुमति के तहत ही किसी अन्य कमरे में शिफ्ट हो सकता है। वार्डन की अनुमति के बिना कमरे के पारस्परिक बदलाव की मनाही है।

7. छात्रों को निरीक्षण, मरम्मत, रखरखाव या कीटाणुरहित करने के लिए जब भी आवश्यक हो अपने कमरे उपलब्ध कराने की आवश्यकता होगी और छुट्टियों के लिए बाहर जाने पर कमरों को खाली करना होगा।

8. छात्र उनको आवंटित कमरों में दरवाजे, खिड़कियां, फर्नीचर, पंखे, और अन्य फिटिंग की उचित देखभाल के लिए जिम्मेदार होगा और आमतौर पर छात्रावास में सभी छात्रों का सामान्य उपयोग वाली वस्तुओं के उचित उपयोग, देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करने में वार्डन की सहायता करेगा।

9. छात्र अपनी संपत्ति की सुरक्षित रखने के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। चोरी, आग या किसी अन्य कारण से किसी छात्र की किसी भी निजी संपत्ति के नुकसान की स्थिति में संस्थान कोई जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करेगा और किसी भी मुआवजे के भुगतान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

10. हॉस्टल में एक छात्र द्वारा व्यक्तिगत सेवक , पालतू जानवरों को रखना और इलेक्ट्रिक हीटर, रेफ्रिजरेटर, इंडक्शन कुक टॉप आदि जैसे उपकरणों का उपयोग निषिद्ध है।

11. तम्बाकू, मादक पेय और मतिभ्रम पदार्थों का सेवन सख्त वर्जित है।

12. छात्रों को हॉस्टल में आने या बाहर जाने और भोजन के समय के मामले में हॉस्टल के समय का पालन करना चाहिए।

13. छात्रावास में छात्र की भागीदारी के आधार पर एक स्वायत्त प्रबंधन प्रणाली है। प्रत्येक छात्र को छात्रावास प्रबंधन और छात्रावास के भीतर अन्य कल्याणकारी गतिविधियों में भाग लेने का प्रयास करना चाहिए।

14. बाहर रहने वाले अंडरग्रेजुएट छात्रों को हॉस्टल में मोटरसाइकिल, मोपेड या ऑटोमोबाइल रखने की अनुमति नहीं है, भले ही कोई छात्र हॉस्टल के बाहर अपना वाहन पार्क करता हो। बाहर रहने की अनुमति वाले छात्रों को अपने स्वयं के वाहनों का उपयोग करके संस्थान में आने की अनुमति है, लेकिन उन्हें छात्रावास क्षेत्र में गाडी चलाने करने की अनुमति नहीं है।

भाग - IV

अनुशासन प्रबंधन की प्रक्रिया

अनुशासनहीनता की घटना किसी प्रभावित व्यक्ति (छात्र, संकाय या कर्मचारी) या पर्यवेक्षक द्वारा भी सूचित की जा सकती है। शिकायत निम्नलिखित कार्यालयों में से एक से हो सकती है, जो संबंधित व्यक्तियों की घटना और संबद्धता के स्थान पर निर्भर करती है।

a) छात्रावास के वार्डन

b) विभागों के प्रमुख

c) पीआईसी छात्रों के मामले

d) निदेशक

जब एक वरिष्ठ संकाय सदस्य, अपनी प्रशासनिक ज़िम्मेदारी के अलावा, किसी संभावित मामूली अनुशासन के मुद्दे को देखता है, तो उससे हस्तक्षेप करके गंभीर होने से पहले विवाद को सुलझाने की उम्मीद की जाती है। हालाँकि, यदि स्थिति को नियंत्रित नहीं किया जा सकता, तो शिकायत दर्ज की जानी चाहिए।

जब एक वार्डन या एचओडी को शिकायत मिलती है, तो उसे संभावित अपराध की गंभीरता का आकलन करना चाहिए। मामूली मुद्दों के मामले में, उससे एक पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान निकालने और समस्या को हल करने की उम्मीद है। संस्थान की संपत्ति को मामूली नुकसान , यदि कोई हो, के मामले में वह बिना किसी अन्य कार्यवाही के अपराधी द्वारा इसकी मरम्मत या बदलाव करवा सकता है । परन्तु , अगर मामला गंभीर प्रकृति का है (जैसे समूह की लड़ाई, महिला छात्रों के खिलाफ अपराध, शैक्षणिक रिकॉर्ड में छेड़छाड़, संस्थान की संपत्ति को बड़ा नुकसान और ऐसे अन्य अपराध), तो मामले को औपचारिक कार्यवाही के लिए पीआईसी छात्र मामलों या निदेशक को सूचित किया जाना चाहिए। पारस्परिक संघर्षों के मामले में, यदि कोई प्रभावित व्यक्ति एचओडी या वार्डन द्वारा प्रस्तावित समाधान से संतुष्ट नहीं है, तो वह पीआईसी छात्र मामलों या निदेशक से अपील कर सकता है।

जब पीआईसी छात्र मामलों या निदेशक को अपराध की गंभीरता के आधार पर शिकायत मिलती है, तो वे या तो मामले को संबंधित वार्डन या एचओडी को सौहार्दपूर्ण निपटान के लिए संदर्भित कर सकते हैं, या मामले को डीएसी को सौंप सकते हैं। डीएसी को संदर्भित मामलों में , समिति मामले की जांच करेगी और रोकथाम के लिए अपनी सिफ़ारिश अनुमोदन के लिए निदेशक को देगी। डीएसी रिपोर्ट में शामिल छात्रों के नाम, शुल्क, समिति का निष्कर्ष, यदि कोई हो, कम करने और उग्र करने वाली परिस्थितियों और दंड के लिए सिफारिशें यदि कोई हो तो दर्ज करनी चाहिए। निदेशक अपने विवेक पर, या तो अनुशंसित सज़ा को मंजूरी दे सकता है, उसे समीक्षा के लिए डीएसी को वापस कर सकता है, सज़ा में कमी के साथ अनुमोदन कर सकता है या सामूहिक निर्णय के लिए सीनेट में डाल सकता है। निर्णय होने के बाद, रजिस्ट्रार एक कार्यकारी आदेश लाएगा जिसमें आरोप, निष्कर्ष और दी गई सज़ा बताई जाएगी। सीरियल नंबर , अपराध का विवरण और सज़ा स्पष्ट रूप से दर्ज की जानी चाहिए। कार्यकारी आदेश की प्रतियां प्रभावित छात्रों, उनके माता-पिता / अभिभावकों, संकाय सलाहकारों, एचओडी, वार्डन और शिकायतकर्ताओं को भी उपलब्ध कराई जाएंगी। छात्रों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए, अपराध को बताते हुए

एक अलग नोटिस दिया जाता है और दी गई सज़ा को निदेशक के अनुमोदन के साथ रजिस्ट्रार द्वारा तैयार किया जा सकता है और इसमें शामिल छात्रों के नाम का उल्लेख किए बिना नोटिस बोर्डों पर लगाया जा सकता है।

भाग - V

डीएसी द्वारा सुझाए जाने वाले संभावित निवारकों की सूची

यह सूची एक मूल दिशानिर्देश के रूप में अलग-अलग घटनाओं के दौरान एकरूपता के लिए दी गई है, इसका उद्देश्य डीएसी की शक्तियों और जिम्मेदारियों को सीमित करना नहीं है। समिति से उम्मीद की जाती है कि वह इस सूची और धारा V में दिए गए दिशानिर्देशों का उपयोग करेगी, और अनुशंसित निवारकों के नवीन संयोजनों का निर्माण भी करेगी।)

P-1	चेतावनी। (केवल पहली बार किये गए मामूली अपराधों के लिए)
P-2	सामाजिक कार्य [छुट्टियों में रहकर संकाय सदस्य की देखरेख में संस्थान को तकनीकी सहायता प्रदान करना]
P-3	निर्वाचित कार्यालयों और खेल टीमों की कप्तानी पर रोक।
P-4	उत्तर पुस्तिका पर अंकों की कटौती लिखकर (10 अंक तक) [केवल परीक्षा हॉल में] परीक्षा के दौरान मामूली अनुशासनहीनता।
P-5	ऐसे कोर्स के लिए पंजीकरण करना जिसका क्रेडिट सीपीआई गणना के लिए शामिल नहीं है, हालांकि, स्नातक होने की आवश्यकता के लिए पासिंग ग्रेड आवश्यक है। (बी.टेक प्रथम वर्ष को छोड़कर)।
P-6	किसी भी क्षेत्र (खेल, संस्कृति, साहित्य आदि) में संचयी प्रदर्शन के आधार पर और शैक्षणिक प्रदर्शन से जुड़े पदक और पुरस्कारों पर रोक ।
P-7	प्री-फ़ाइनल सेमेस्टर के मिड सेमेस्टर एग्जाम तक या फ़ाइनल ईयर के लिए प्री फाइनल और फ़ाइनल सेमेस्टर के बचे हुए समय में जिन छात्रों के पास नौकरी का एक प्रस्ताव है उनको प्लेसमेंट सुविधा प्रदान न करना ।
P-8	अंतिम परिणामों के प्रकाशन में 1 से 3 महीने तक देरी; यदि दीक्षांत समारोह की तिथि अनुमति दे तो डिग्री उसी वर्ष दी जाएगी।
P-9	अंतिम परिणामों के प्रकाशन में 3 से 6 महीने तक देरी; यदि दीक्षांत समारोह की तिथि अनुमति दे तो डिग्री उसी वर्ष दी जाएगी।
P-10	शीतकालीन अवकाश सहित पूर्व-अंतिम सेमेस्टर के लिए प्लेसमेंट सुविधा पर रोक।
P-11	एक कोर्स में एक या एक से अधिक चरणों में ग्रेड में कमी (डीई ग्रेड को एफ में परिवर्तित किया जा सकता है)।
P-12	दो कोर्स में एक या एक से अधिक चरणों में ग्रेड में कमी (डीई ग्रेड को एफ में परिवर्तित किया जा सकता है)।
P-13	सभी कोर्स में एक या एक से अधिक चरणों में ग्रेड में कमी (डीई ग्रेड को एफ में परिवर्तित किया जा सकता है)।
P-14	एक पेपर में **एफ** ग्रेड देना [केवल परीक्षा संबंधी अपराधों के लिए]।
P-15	दो या दो से अधिक पेपर में **एफ** ग्रेड देना [केवल परीक्षा संबंधी अपराधों के लिए]।

P-16	एक सेमेस्टर के सभी सैद्धांतिक पेपर में में **एफ** ग्रेड देना [केवल परीक्षा संबंधी अपराधों के लिए
P-17	प्लेसमेंट की सुविधा पर पूरी तरह से रोक (अंतिम वर्ष के छात्र के प्लेसमेंट ऑफ़र को रद्द करना यदि प्लेसमेंट हो गयी है तो।)
P-18	अंतिम परिणाम के प्रकाशन में 1 से 3 महीने तक देरी, साथ ही एक संकाय सदस्य या अधिकारी की देखरेख में संस्थान के भीतर काम सौंपा जाना । (विभागीय छात्र उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर)। यदि दीक्षांत समारोह की तिथि अनुमति दे तो डिग्री उसी वर्ष दी जाएगी।
P-19	अंतिम परिणाम के प्रकाशन में 3 से 6 महीने तक देरी, साथ ही एक संकाय सदस्य या अधिकारी की देखरेख में संस्थान के भीतर काम सौंपा जाना । (विभागीय छात्र उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर) डिग्री अगले वर्ष दी जाएगी।
P-20	छात्र को पाठ्यक्रम को दोहराने के लिए बाध्य करने के लिए एक से तीन चरणों में ग्रेड का अपंजीकृत में परिवर्तन । (न्यूनतम आवश्यकता से ज़्यादा डिग्री अवधि का विस्तार)
P-21	छात्र को पाठ्यक्रम को दोहराने के लिए बाध्य करने के लिए 1 सेमेस्टर के सभी पाठ्यक्रमों के लिए अपंजीकृत 'स्थिति का दंड। (न्यूनतम आवश्यकता से ज़्यादा डिग्री अवधि का विस्तार)
P-22	छात्र को पूरे साल के पाठ्यक्रम को दोहराने के लिए बाध्य करने के लिए 2 सेमेस्टर के सभी पाठ्यक्रमों के लिए अपंजीकृत 'स्थिति का दंड। (न्यूनतम आवश्यकता से ज़्यादा डिग्री अवधि का विस्तार)
P-23	एक सेमेस्टर या अधिक के सभी पाठ्यक्रमों के लिए अपंजीकृत 'स्थिति का दंड और आचरण प्रमाणपत्र में "खराब आचरण" का उल्लेख।(न्यूनतम आवश्यकता से ज़्यादा डिग्री अवधि का विस्तार)
P-24	संस्थान और / या छात्रावास से सीधा निष्कासन। (अनुशासनहीनता की गंभीरता के आधार पर तय की गयी समयावधि के लिए)
P-25	संस्थान से सीधा निष्कासन + पुलिस थाने में एफआईआर।

नोट्स:

1. 1. पी -5 के बाद सभी दंडों में पी -3 (निर्वाचित कार्यालयों और खेल टीमों की कप्तानी पर रोक) स्वचालित रूप से जोड़ा जाएगा।

2. पी -7 के बाद सभी दंडों में पी -5 (शैक्षणिक प्रदर्शन से जुड़े पदक और पुरस्कार पर रोक) स्वचालित रूप से जोड़ा जाएगा।

3. पी -8 और पी -9 के बाद के दंडों में पी -7 (प्री-फ़ाइनल सेमेस्टर के मिड सेमेस्टर एग्जाम तक या फ़ाइनल ईयर के लिए प्री फाइनल और फ़ाइनल सेमेस्टर के बचे हुए समय में जिन छात्रों के पास नौकरी का एक प्रस्ताव है उनको प्लेसमेंट सुविधा प्रदान न करना ।) स्वचालित रूप से जोड़ा जाएगा।

4. पी -11 और पी -16 के दंडों में पी -10 (शीतकालीन अवकाश सहित पूर्व-अंतिम सेमेस्टर के लिए प्लेसमेंट सुविधा पर रोक।) स्वचालित रूप से जोड़ा जाएगा।

5. पी -18 से पी -25 के दंडों में पी -17 (प्लेसमेंट की सुविधा पर पूरी तरह से रोक) स्वचालित रूप से जोड़ा जाएगा।

6. गैर-जिम्मेदार व्यवहार द्वारा संस्थान की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए: अन्य अनुशासनात्मक उपायों के अलावा, क्षति की प्रतिस्थापन लागत के दस गुना की दर से लागत की वसूली। [यदि दोषी व्यक्तियों की पहचान नहीं की जा सकती है, तो इसे छात्रों के समूह में विभाजित किया जा सकता है।]

7. वित्तीय बेईमानी या निजी या सार्वजनिक संपत्ति की चोरी करना (सफल या असफल, गैरकानूनी लाभ के लिए सचेत प्रयास): अपराधी को संभावित लाभ का दस गुना और अन्य सज़ा ।

8. दोहराने वाले अपराधियों के लिए, यानी एक या अलग अपराध के लिए डीएसी द्वारा दूसरी बार दंडित किए जाने पर, परिस्थितियों के आधार पर सज़ा 1 कदम या उससे अधिक होगी।

9. शोध छात्रों (Ph.D. और M.Tech (2nd year)) के मामले में, डीएसी मामले में समकक्ष निवारकों (वरिष्ठ छात्रों से अपेक्षित उत्तरदायित्व की अधिक समझ को ध्यान में रखते हुए) पर काम करेगा जिनमें कोउर्से या अनुसंधान क्रेडिट में कमी , फैलोशिप की हानि, शैक्षणिक अनुभाग द्वारा प्राप्त करने के बाद मूल्यांकन के लिए थीसिस को भेजने में देरी, या संस्थान से आंशिक या पूर्ण निष्कासन।

भाग- VI

<u>आमतौर पर डीएसी द्वारा विचार किये जाने वाले अपराध</u>

A. **सामान्य अपराध**		
OA-1	छात्रावास में किसी छात्र के साथ बुरा व्यवहार।	P1-P2
OA-2	शैक्षणिक क्षेत्र, खेल क्षेत्र या अन्य गतिविधि क्षेत्र में किसी छात्र के साथ दुर्व्यवहार।	P1-P2
OA-3	बिना हेलमेट के तेज गति से या दो सवार के साथ मोटरसाइकिल चलना , हॉस्टल क्षेत्र में तीसरी या अधिक बार पार्किंग।	P2-P3
OA-4	लगातार उपद्रव , तेज आवाज आदि से किसी छात्र को शांति से अपनी पढ़ाई करने से रोकना।	P2-P3
OA-5	दीवारों, गलियारों या सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकना या थूकना।	P2-P3
OA-6	शैक्षणिक क्षेत्र और निवास हॉल (सड़कों और खुली जगह सहित), कैंटीन, खेल के मैदान और संस्थान के अधिकार क्षेत्र के अन्य सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान या तम्बाकू चबाना ।	P2-P3, P-5
OA-7	जानबूझ कर इमारतों, फर्नीचर या अन्य संसाधनों को मामूली नुकसान पहुँचाना ।	P3,P5-P7
OA-8	कक्षा के अंदर या बाहर कहीं भी प्रोफेसर, कर्मचारी या आगंतुक के साथ दुर्व्यवहार करना।	P3,P5-P7
OA-9	कक्षा के बाहर नशे में / नशे की हालत में एक प्रोफेसर, कर्मचारी या आगंतुक के साथ दुर्व्यवहार।	P5-P9
OA-10	संस्थान प्रशासन से संबंधित मामलों पर प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को अनधिकृत बयान देना।	P5-P9
OA-11	नशे में / नशे की स्थिति में संस्थान की संपत्ति को नुक्सान पहुँचाना।	P5-P9
OA-12	बाहरी जल निकाय, छत के ऊपर या कोई भी स्थान जहां सुरक्षा बनाए रखने के लिए छात्रों का प्रवेश वर्जित है में प्रवेश करना ।	P5-P9
OA-13	निजी या सार्वजनिक संपत्ति चोरी करना।	P7-P10
OA-14	व्यक्तिगत लाभ के लिए निर्वाचित कार्यालय का दुरुपयोग करना।	P3, P7-P10
OA-15	आई-कार्ड, मेडिकल कार्ड या संस्थान द्वारा दिए गए किसी अन्य पहचान पत्र से छेड़छाड़ ।	P7-P10
OA-16	जानबूझकर अधिकारियों को अपराध की सूचना नहीं देना या किसी जांच अधिकारी से जानकारी छुपाना।	P7-P11
OA-17	जालसाज़ी , प्रतिरूपण और अन्य तरीकों से दूसरे छात्र की पहचान का उपयोग करना।	P7-P11, P24

OA-18	कैम्पस में संस्थान की या अन्यथा स्थित किसी भवन, फर्नीचर, उपकरण, पुस्तक या अन्य संपत्ति को जानबूझकर हानिकारक रूप से क्षति पहुंचाना या नष्ट करना।	P7-P13
OA-19	कक्षा, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, सेमिनार हॉल या सभागार में धूम्रपान।	P7-P13
OA-20	शारीरिक रूप से किसी संकाय या कर्मचारी सदस्य को अपने कर्तव्य का पालन करने से रोकना।	P7-P13
OA-21	व्यवस्थित रूप से दूसरे छात्र को परेशान करना।	P7-P13, P24
OA-22	मौखिक या लिखित दुर्व्यवहार के माध्यम से महिला छात्रों को परेशान करना।	P7-P13, P24
OA-23	किसी अन्य छात्र या बाहरी व्यक्ति के साथ झगड़ा करने या डराने के लिए एक समूह (तीन या अधिक छात्रों) में भाग लेना।	P7-P13
OA-24	छात्रों के दूसरे समूह के साथ झगड़ा करने या डराने के लिए एक समूह (तीन या अधिक छात्रों) में भाग लेना।	P7-P13
OA-25	अनुबंध श्रमिक सहित संस्थान के कर्मचारियों को धमकाना, गाली देना या उनके साथ मारपीट करना।	P7-P13
OA-26	संस्थान की संपत्ति (जैसे कंप्यूटर क़े पुर्जे) कि चोरी ।	P7-P13
OA-27	छात्रों के बीच धर्म, जाति, गृह राज्य या किसी अन्य मानदंड के आधार पर विभाजन बनाना।	P7-P13
OA-28	संस्थान के किसी संकाय या कर्मचारी के हस्ताक्षर करना या जाली दस्तावेज़ बनाना; बिना अधिकार के किसी संस्थान के कर्मचारी या अधिकारी का कार्यभार संभालना।	P7-P13
OA-29	झूठ बोलना या झूठी शिकायतों को प्रस्तुत करना, संस्थान में अफवाहें फैलाना या डीएसी या किसी अन्य जांच समिति का अनादर करना।	P10-P13
OA-30	साथी छात्र या किसी अन्य व्यक्ति का यौन उत्पीड़न। ["यौन उत्पीड़न" का अर्थ है किसी भी अवांछित आकर्षण , शारीरिक संपर्क, टिप्पणियों, अनुचित इशारों, सुझावों, संकेत, सहज ज्ञान या इसी तरह के आचरण के रूप में जिसे अपराधी जानता है, या सामान्य रूप से जानना चाहिए , ऐसा वातावरण बनाना जिसमें आचरण के अधीन व्यक्ति अपमानित या गरिमा से वंचित महसूस करता है।]	P17-P19
OA-31	अनुशासनात्मक कार्यवाही में रुकावट डालने के लिए रिश्वत देना , धमकी देना या अनुशासनात्मक मामले से संबंधित किसी अन्य व्यक्ति को धमकाना या डराना।	P17-P19
OA-32	एक छात्र या बाहरी व्यक्ति के साथ शारीरिक रूप से लड़ना।	P10-P13, P17-P19
OA-33	किसी अन्य निहत्थे छात्र पर हमला करना और घायल करना।	P11-P13, P17-P20

OA-34	इजाज़त के बिना बैरिकेड क्षेत्र में प्रवेश करके स्वयं और दूसरों की सुरक्षा को खतरे में डालना।	P11-P13, P17-P20
OA-35	संकाय सदस्य या शैक्षणिक अधिकारी को धमकी देना, गाली देना या मारपीट करना।	P12-P13, P17-P21
OA-36	छात्रों के दूसरे समूह के साथ झगड़ा करने या डराने के लिए एक समूह (तीन या अधिक छात्रों) का नेतृत्व करना।	P13, P17-P21
OA-37	किसी भी कारण से बाहर के व्यक्ति के साथ झगड़ा करने या डराने के लिए एक समूह (तीन या अधिक छात्रों) का नेतृत्व करना।	P13, P17-P21
OA-38	संस्थान के किसी छात्र या कर्मचारी को डराने के लिए मोटर वाहन (दो या चार पहियों वाले) का उपयोग करना।	P17-P21
OA-39	फोटोग्राफिक, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से महिला छात्रों को परेशान करना।	P17-P22, P24
OA-40	शारीरिक रूप से एक समूह लड़ाई में भाग लेना।	P20-P23
OA-41	एक छात्र समारोह में या उसके आसपास छात्रों के समूहों के बीच हाथापाई, लड़ाई या अपमानजनक झगड़े का आयोजन या नेतृत्व।	P20-P23
OA-42	मतिभ्रम दवाओं को रखना या उपयोग।	P21-P22
OA-43	शारीरिक लड़ाई में समूह का नेतृत्व करना।	P21-P24
OA-44	डुप्लिकेट कुंजी का उपयोग करके, ताला तोड़कर या किसी अन्य माध्यम से प्रोफेसर के कमरे, प्रयोगशाला, पुस्तकालय या इसी तरह के स्थान पर अनधिकृत प्रवेश ।	P21-P24
OA-45	हिंसा में विश्वास करने वाले व्यक्तियों या समूहों के साथ बातचीत।	P24-P25
OA-46	मतिभ्रम दवाइयों की आपूर्ति या बिक्री।	P24-P25
OA-47	विस्फोटक, आग्नेयास्त्र या इस तरह के खतरनाक सामानों को रखना।	P24-P25
OA-48	राष्ट्रीय सुरक्षा या सांप्रदायिक सद्भाव के लिए नुकसानदायक गतिविधियाँ।	P25
B. **फ्रेशर के उत्पीड़न से संबंधित अपराध** [**केवल वरिष्ठ छात्रों के लिए**] (**कोई भी कार्य जो छात्र को असहज करता है।**)		
OB-1	कैंपस या बाहर कहीं भी मिलने के लिए प्रथम वर्ष के छात्र को कॉल करना।	P7-P11
OB-2	फ़ोन कॉल करना, पुरानी किताबें सौंपना, फ़र्स्ट ईयर के छात्रों को बाज़ार दिखाने की पेशकश करना।	P8-P12
OB-3	प्रथम वर्ष के छात्रों को ऐसी जगह पर मिलना जहाँ उनके पास उस समय उपस्थित होने का कारण नहीं है।	P10-P13, P17
OB-4	प्रथम वर्ष के छात्र को वरिष्ठ के कमरे में बुलाना।	P11-P13, P17
OB-5	अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए, असभ्य भाषा में नाम पूछना या इसी तरह की धमकी।	P11-P13, P17-P21

OB-6	प्रथम वर्ष के छात्र के कमरे / हॉल में वार्डन की अनुमति या किसी अन्य अनुमत सीमा से अधिक प्रवेश करना।	P17-P23
OB-7	संगठित गतिविधि में भाग लेना या आयोजन जैसे कि सर झुका के चलना, निर्धारित डिज़ाइन के कपड़े पहनना या अधीनता के अन्य तरीके।	P20-P23
OB-8	फ्रेशर को थप्पड़ मारना , पीटना या एक या अधिक छात्रों पर शारीरिक / मानसिक अत्याचार करना।	P22-P24
OB-9	फ्रेशर्स को शारीरिक या मानसिक यातना देने वाले वरिष्ठों के समूह में भाग लेना।	P22-P24
OB-10	रैगिंग गतिविधि में वरिष्ठों के एक समूह का नेतृत्व करना।	P23-P25
फ्रेशर्स के उत्पीड़न से संबंधित अपराध [फ्रेशर्स के लिए]		
OC-1	OB-1 से OB-5 घटना जिसमें फ्रेशर शामिल है की सूचना नहीं देना ।	P1-P3, P5
OC-2	OB-1 से OB-5 घटना जिसमें वह खुद शामिल है की सूचना नहीं देना ।	P1-P3, P5
OC-3	OB-6 से OB-10 घटना जिसमें कोई अन्य फ्रेशर शामिल है की सूचना नहीं देना ।	P2-P3, P5-P6
OC-4	OB-6 से OB-10 घटना जिसमें वह खुद शामिल है की सूचना नहीं देना ।	P3, P5-P10
OC-5	वरिष्ठ छात्रों द्वारा OB-1, OB- 2 या OB-3 के अपराध के दौरान सहयोग करना ।	P7-P11
OC-6	रैगिंग-संबंधित संदेश या वरिष्ठ छात्रों से प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए सामग्री पहुँचाने का कार्य करना।	P10-13, P17
OC-7	प्रथम वर्ष के छात्र का वरिष्ठ छात्रों या अन्य प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए अपमानजनक भाषा का उपयोग करना ।	P11-P13, P17
शैक्षणिक अपराध		
OD-1	कक्षा, पुस्तकालय, प्रयोगशाला या संगोष्ठी आदि में अशांति पैदा करना।	P1-P3, P5
OD-2	कक्षा, प्रयोगशाला, पुस्तकालय आदि में एक प्रोफेसर के साथ दुर्व्यवहार।	P5-P9
OD-3	कक्षा,प्रयोगशाला, पुस्तकालय, संगोष्ठी या ऐसे अन्य स्थान पर नशे में प्रवेश करना।	P7-P12
OD-4	पुस्तकालय की पुस्तकों और अन्य सामग्री से पृष्ठों को चुराना, क्षतिग्रस्त करना या हटाना।	P11-P18
OD-5	क्रेडिट के मूल्यांकन और प्राप्ति के लिए अपने काम का एक ही टुकड़ा दो (या अधिक) बार प्रस्तुत करना।	P8-P19
OD-6	लेखक की स्वीकृति के बिना अन्य स्रोतों से सामग्री को जानबूझकर शोध और प्रकाशन में रखना।	P11-P19

OD-7	शोध गाइड सहित अन्य शोधकर्ताओं की सहमति के बिना काम का प्रकाशन (या अपना होने का दावा करना) ।	P18-P22
OD-8	इलेक्ट्रॉनिक या भौतिक साधनों द्वारा उपस्थिति या अन्य साधारण शैक्षणिक रिकॉर्ड में हेरफेर।	P18-P-22
OD-9	किसी अन्य व्यक्ति के काम की पर्याप्त मात्रा को अपने नाम से थीसिस या प्रकाशन के रूप में प्रस्तुत करना।	P21-P24
OD-10	इलेक्ट्रॉनिक या भौतिक साधनों के माध्यम से ग्रेड और महत्वपूर्ण शैक्षणिक रिकॉर्ड में हेरफेर।	P22-P24
C. **परीक्षा संबंधी अपराध**		
OE-1	परीक्षा हॉल में गड़बड़ी फैलाना ।	P4
OE-2	परीक्षा हॉल में सहपाठी के साथ दुर्व्यवहार।	P4, P10-P11
OE-3	परीक्षा में सक्रिय स्थिति में मोबाइल फोन या इसी तरह के संचार उपकरण रखना ।	P4, P10-P12
OE-4	प्रश्न पत्र पर सूत्र या सामग्री लिखना जो परीक्षा के दौरान साथी छात्र की मदद कर सकता है।	P4, P10-P12
OE-5	परीक्षा के दौरान किसी अन्य परीक्षार्थी या बाहरी व्यक्ति से बात करना।	P4, P10-P14
OE-6	परीक्षा हॉल में डेस्क पर लिखना ।	P10-P14
OE-7	किसी अन्य छात्र को अपनी उत्तरपुस्तिका से नक़ल करने देना	P10-P14
OE-8	परीक्षा हॉल में प्रोफेसर / अन्वेषक के साथ दुर्व्यवहार।	P10-P14
OE-9	शौचालय , गलियारे या किसी अन्य स्थान पर कागज, किताब , किसी अन्य व्यक्ति से परामर्श करना।	P12-P16
OE-10	परीक्षा में प्रासंगिक सामग्री कि चिट रखना ।	P12-P16
OE-11	परीक्षा में अपने शरीर (हथेलियों, पैरों आदि) या कपड़ों पर लिखकर संबंधित सामग्री ले जाना।	P12-P16
OE-12	परीक्षा हॉल में पुस्तक या बड़ी मात्रा में लिखित सामग्री रखना ।	P14-P18
OE-13	दूसरे उम्मीदवार की परीक्षा कॉपी से नकल।	P-15-P18
OE-14	मुख्य अन्वेषक की अनुमति के बिना किसी भी उद्देश्य के लिए परीक्षा क्षेत्र (यानी बाहर हॉल, शौचालय और कनेक्टिंग मार्ग) के बाहर जाना।	P18-P21
OE-15	परीक्षा हॉल के बाहर प्रश्न पत्र या उत्तर कॉपी भेजना।	P20-P22
OE-16	हॉल के बाहर लिखे उत्तरों के साथ उत्तर कॉपी प्रस्तुत करना।	P20-P22
OE-17	निरीक्षक या शिक्षक को धमकी देना।	P20-P24

OE-18	किसी अन्य व्यक्ति कि परीक्षा देना या अपनी परीक्षा किसी और से दिलवाना।	P20-P24
OE-19	प्रयास करके परीक्षा पत्र की विस्तृत सामग्री का अग्रिम ज्ञान प्राप्त करना।	P21-P24
OE-20	परीक्षा प्रक्रिया, ग्रेड या शैक्षणिक रिकॉर्ड को प्रभावित करने के लिए बड़े पैमाने पर संगठित गतिविधि।	P22-P24
D. **सार्वजनिक कार्यों से संबंधित अपराध**		
OF-1	छात्र समारोह में अशांति पैदा करना।	P8-P11
OF-2	सार्वजनिक समारोह में अभद्र व्यवहार।	P12-P15
OF-3	नशे कि अवस्था में छात्र समारोह में प्रवेश करना।	P12-P15
OF-4	शराब या किसी अन्य दवा के प्रभाव में सार्वजनिक समारोह में अभद्र व्यवहार।	P17-P20
OF-5	पर्याप्त कारण या अधिकार के बिना संस्थान के समारोह में अवरोधों का उल्लंघन करना।	P18-P21
OF-6	बहिष्कार, विरोध प्रदर्शन या किसी अन्य साधन के आयोजन के माध्यम से छात्र समारोह में गड़बड़ी का नेतृत्व करना।	P20-P24
OF-7	छात्र समारोह में सामूहिक गड़बड़ी (हिंसक या अन्यथा) करना ।	P21-24
E. **साइबर अपराध**		
OG-1	एक्सेस या अटेंडेंस देने के लिए नियोजित अपनी इलेक्ट्रॉनिक पहचान प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करना।	P13, P17-P19
OG-2	आईआईआईटीवी या अन्य वेबसाइट में अशोभनीय सामग्री डालना जिससे संस्थान के भीतर सामंजस्य बिगड़ने की संभावना हो ।	P18-P19
OG-3	किसी अन्य छात्र के व्यक्तिगत कंप्यूटर में प्रवेश करना और मालिक की सहमति के बिना सामग्री को बदलना।	P18-P20
OG-4	विभागीय या केंद्रीय कंप्यूटर में किसी अन्य छात्र के कंप्यूटर खाते में प्रवेश प्राप्त करना।	P19-P21
OG-5	इलेक्ट्रॉनिक मीडिया [एसएमएस, ईमेल, वेब साइट] का उपयोग करके साथी छात्र को परेशान करना।	P19-P21
OG-6	किसी संकाय, स्टाफ सदस्य या संस्थान से संबंधित किसी बाहरी व्यक्ति की सहमति के बिना उसका इलेक्ट्रॉनिक पासवर्ड चोरी करना या रखना।	P20-P22

OG-7	एक संकाय या स्टाफ सदस्य के इलेक्ट्रॉनिक पासवर्ड को मालिक की सहमति के बिना किसी तीसरे व्यक्ति को बताना ।	P20-P22
OG-8	किसी संकाय या स्टाफ सदस्य या उसके खाते के पासवर्ड चोरी करके या अन्य माध्यमों से विभागीय या केंद्रीय कंप्यूटर में उसके निजी कंप्यूटर का उपयोग करना।	P21-P23
OG-9	इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री का प्रसार करके महिला छात्र या किसी अन्य महिला को परेशान या सार्वजनिक रूप से अपमानित करना।	P22-P25
OG-10	गंभीर शरारत या व्यक्तिगत लाभ के लिए कंप्यूटर (स्वयं के या किसी अन्य व्यक्ति के खाते) का उपयोग करना।	P22-P25
OG-11	इजाज़त के बिना विभागीय या केंद्रीय कंप्यूटर प्रणाली के प्रशासनिक खाते में जाना , उद्देश्य भले ही कुछ भी हो ।	P24-P25

नोट्स:

1. 1 अपराध और परिस्थितियों को देखते हुए डीएसी द्वारा अन्य सभी अपराधों को उपरोक्त में से एक के बराबर बनाया जाएगा।

2. विशेष परिस्थितियों में यदि अग्रिम घोषणा कि गयी है तो उच्च दंड दिया जा सकता है उदाहरण के लिए , यदि सार्वजनिक समारोह में यह घोषणा की जाती है कि बैरिकेडिंग पार करना संस्थान से निष्कासन को आमंत्रित करेगा, तो ऐसी सज़ा दी जा सकती है।

3. कई तुलनीय गंभीरता के अपराधों के मामले में जुर्माना व्यक्तिगत अपराधों के उच्चतम दंड से कम से कम एक चरण अधिक होगा।

4. यदि कोई छात्र किसी अन्य छात्र के खिलाफ झूठी शिकायत करता है, तो दोषी छात्र पर जुर्माना कि गयी शिकायत के लिए मिलने वाले दंड से कम से कम एक चरण अधिक होगा।